2025/492

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी बिलाडा जिला जोधपुर

व इजलास– **मृदुला शेखावत**, आर.ए.एस.

प्रार्थी	**बनाम**	**अप्रार्थी**
ताज मोहम्मद		सरकार

किस्म मुकदमा 136 एल.आर.एक्ट

प्रकरण संख्या :– 399/2025

–:::आदेश:::– **दिनांकः–** 11/8/2025

प्रार्थी **ताज मोहम्मद** पुत्र श्री **हुसैन खां** जाति **मुसलमान** निवासी **खारिया मीठापुर** तहसील बिलाडा, जिला जोधपुर, राज. ने एक प्रार्थना पत्र बाबत राजस्व रेकर्ड में नाम दुरूस्ती का पेश किया है। प्रार्थना पत्र को जांच हेतु तहसीलदार बिलाडा को भेजा जावें।

तहसीलदार बिलाडा से जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। जिसमें तहसीलदार बिलाडा ने अवगत करवाया है कि राजस्व ग्राम **खारिया मीठापुर** की जमाबंदी संवत् **2076 से 2079** के खाता सं. 1382 के खसरा नंबर 802/1 में दर्ज अशुद्ध नाम **ताज मोहम्मद पुत्र हुसैन खां** जाति **सिंधी मुसलमान** निवासी **खारिया मीठापुर** का शुद्ध नाम **ताज मोहम्मद पुत्र** श्री **हुसैन खां** जाति **बागवान मुसलमान** निवासी **खारिया मीठापुर** की राजस्व रेकर्ड में शुद्धि किये जाने हेतु सहमत है। अतः जांच रिपोर्ट व पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र धारा 136 एल.आर.एक्ट का स्वीकार किया जाता है। अतः तहसीलदार बिलाडा को आदेशित किया जाता है कि वो उपरोक्तानुसार शुद्धि का नामान्तरकरण भरें। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

(मृदुला शेखावत)
उपखण्ड अधिकारी,
बिलाड़ा